हिंदी दैनिक

**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी


नागपुर, शनिवार, 14 दिसंबर 2024

# पाइप में मिले दो युवकों के शव

## हादसा या साजिश? जांच में जुटी पुलिस

**नागपुर।**

यशोधरा नगर पुलिस थाना अंतर्गत बीती रात थाने के पास ही दो बाइक सवार युवक तेज रफ्तार होने के चलते दुर्घटना का शिकार हो गए। इस हादसे में सड़क किनारे पड़ी पानी की पाइप से टकराने के बाद ये दोनों युवक पाइप में जा घुसे, जहां उनकी गंभीर घायल होने के बाद में मौत हो गई।

ये दोनों ही युवक बाउंसर बताये जा रहे हैं और किसी प्रोग्राम से अपने घर वापस लौट रहे थे। यशोधरा नगर पुलिस थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल के पास ही महानगरपालिका द्वारा पानी की पाइपलाइन रखने का गोदाम बनाया है। आलम यह है कि जगह कम पड़ने के चलते लापरवाही से सड़क किनारे ही पाइप रख दी गई है। बीती रात करीब 2:45 बजे के दौरान मोटरसाइकिल (क्र.एमएच 49 / बी.सी. 8983) पर काम पर से घर जा रहे थे। इस दौरान दो युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। बाइक तेज रफ्तार होने के चलते सड़क किनारे रखी पाइप से जा टकराई, जिसके चलते ये दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए और बाद में उनकी मौत हो गई। युवकों की पहचान लॉरेंस सैमसंग (36) और शंकर पंडरी गुडदे (36) के रूप में हुई है। लॉरेंस मार्टिन नगर, जरीपटका का रहने वाला है जबकि शंकर झिंगाबाई टाकली में रहता था। ये दोनों ही युवक बाउंसर का काम करते थे और बीती रात एक प्रोग्राम से अपने घर वापस लौट रहे थे। जांच के दौरान ही एक युवक की जेब में गांजा मिला है, जिसके चलते पुलिस आशंका व्यक्त कर रही है कि नशे में होने के चलते तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित हुई। उसके बाद पाइप से टकराने के बाद इन दोनों युवकों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी रास्ते से जा रहे एक ई-रिक्शा चालक ने कंट्रोल रूम को दी थी। जिसके बाद यशोधरा नगर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पाइप में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाल कर उन्हें इलाज के लिए मेयो अस्पताल पहुंचाया। परंतु जांच के दौरान ही डॉक्टर ने इन दोनों को मृत घोषित किया।


### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पाइप में जिस तरह से उनके शव मिले हैं उसके चलते उनकी हत्या कर शव पाइप में फेंके जाने का भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है। या फिर किसी तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मारी और बाद में घायल अवस्था में उन दोनों को पाइप में डाल दिया, जहां उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने दुपहिया चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है साथ ही लापरवाही से सड़क किनारे रखी पाइप के चलते ठेकेदार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि इस हादसे की सच्चाई का पता लगाया जा सके।

## खासदार सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ उद्घाटन...



नागपुर के क्रीड़ा चौक स्थित ईश्वर देशमुख शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार से खासदार सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में बॉलीवुड अभिनेत्री पद्मश्री काजोल के हाथों महोत्सव का उद्घाटन हुआ. 11 दिनों तक चलने वाले इस समारोह में नागपुरवासी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे।





## ट्रक ने साइकिल सवार छात्रा को कुचला

**नागपुर।** जरीपटका पुलिस थाना अंतर्गत खोबरागड़े चौक पर एक सड़क हादसे में एक होनहार छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब यह युवती अपनी साइकिल पर ट्यूशन क्लास के लिए जा रही थी। तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने इस युवती को कुचल दिया जिसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि बाद में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरीपटका पुलिस थाने के खोबरागड़े चौक पर गुरुवार शाम करीब 7 के दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ। मृतक युवती की पहचान आंचल टेकचंद राहांगडाले के रूप में हुई है। 22 वर्ष यह युवती मूलतः मध्य प्रदेश की रहने वाली है और कुशीनगर परिसर में अपने चाचा चाची के पास रह रही थी। उसके भाई राकेश टेकचंद राहांगडाले उसके साथ ही रहता है जो कि निजी कंपनी में काम करता है। आंचल प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही थी और बीती शाम अपनी साइकिल पर ट्यूशन क्लास जारी थी। इस दौरान आईसर ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी. एम. 6715 के चालक ने तेज गति व लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्रक के पीछे के चक्के में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए घटनास्थल पर तनाव निर्माण हो गया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तक चालक को गिरफ्तार किया है शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज कर आगे की जांच कर रही है।

# तड़ीपारी खत्म होते ही बदमाश ने जलाए वाहन

## वाड़ी पुलिस की नाकामी पर परिवार में रोष

**नागपुर।**

वाड़ी पुलिस थाने के अंतर्गत बुधवार की रात एक कुख्यात बदमाश द्वारा पड़ोसी के वाहन जलाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। आरोप है कि आरोपी ने पहले परिवार को परेशान किया और फिर बुधवार की रात आगजनी की वारदात को अंजाम दिया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कंट्रोल वाडी निवासी सुरेंद्र पांडुरंग गजभिए (46) अपने परिवार के साथ चावला कॉम्प्लेक्स के पास स्थित अपने घर में रहते हैं। उनके घर के पीछे आरोपी स्वयंवर उर्फ सेंटी मानेराव (32) का परिवार रहता है, जो बदमाशी में सक्रिय है। आरोपी सेंटी पर कई गंभीर अपराधों के आरोप पहले भी लग चुके हैं और वह कई बार जेल जा चुका है।

जानकारी के अनुसार आरोपी सेंटी ने जेल से रिहा होने के बाद से ही परिवार को परेशान करना शुरू कर दिया था। खासकर सुरेंद्र की पत्नी, नीलिमा, को परेशान किया जाता था। नीलिमा को उसकी छोटी बेटी की चिंता थी, जिससे आरोपी सेंटी को गुस्सा आता था। एक बार आरोपी ने परिवार पर चाकू भी चलाया था, जिसकी शिकायत वाडी पुलिस से की गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी।

बुधवार की रात 8 बजे के आसपास, आरोपी सेंटी ने फिर से शराब और गांजा पीकर सुरेंद्र के घर के पास पहुंचकर परिवार को परेशान करना शुरू किया।

पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन हमेशा की तरह पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया और आरोपी को चेतावनी देकर भेज दिया। इसके बाद आरोपी ने पेट्रोल भरकर गाड़ियों में छिड़का और आग लगा दी। आग ने इंडिका कार और दो एक्टिवा गाड़ियों को पूरी तरह से जला दिया।

आरोपी ने यह भी प्रयास किया कि इस घटना का कोई प्रमाण न रहे, इसलिए सीसीटीवी कैमरे को भी नष्ट कर दिया। घर के दूसरी मंजिल तक आग की लपटें पहुंच चुकी थीं। इस घटना से पूरा परिवार और किरायेदार भयभीत हैं। पुलिस ने आरोपी सेंटी को गिरफ्तार करने के बाद उसकी करतूतों का खुलासा किया, जिसमें उसने परिवार को धमकी दी कि जेल से बाहर आने के बाद वह पेट्रोल बम फेंकेगा। बावजूद इसके पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### एमपीडीए के तहत कड़ी कार्रवाई की तैयारी

परिवार के लोग पुलिस के खिलाफ नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं और उनका कहना है कि आरोपी सेंटी के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई नाकाफी रही है। अब एमपीडीए के तहत आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। वाडी पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे ने बताया कि पुलिस ने पहले भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है, और इस बार भी आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 22,000 लीटर अवैध बायोडीजल जब्त



### जुनी कामठी पुलिस थाना क्षेत्र में छापेमारी, दो गिरफ्तार

**नागपुर।**

क्राइम ब्रांच यूनिट 2 की टीम ने जुनी कामठी पुलिस थाना क्षेत्र के खैरी परिसर में अवैध रूप से जमा किए गए बायोडीजल पेट्रोलियम पदार्थ का बड़ा जखीरा पकड़ा है। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने 22,000 लीटर ज्वलनशील बायोडीजल बरामद किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में सिमरन सिंग सतपाल सिंग (31) निवासी रानी दुर्गावती चौक और हितेंद्र सिंह गजेंद्र सिंह राठौड़ (27) निवासी महेंद्र नगर टेका नाका शामिल हैं। दोनों आरोपियों ने खैरी स्थित माउंट लिटरा ज़ी स्कूल के पास खसरा क्रमांक 3 में अवैध रूप से बायोडीजल स्टॉक कर रखा था। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक टैंकर, पांच प्लास्टिक की टंकियां (जो करीब 5000 लीटर की क्षमता रखती हैं), एक इलेक्ट्रिक मोटर, दो पेट्रोल पंप नोजल और अन्य सामग्री जब्त की।


कुल मिलाकर 19.85 लाख रुपये का माल बरामद किया गया। इस अवैध कालाबाजारी की सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच टीम ने तत्परता से कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जुनी कामठी पुलिस थाने में उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## 2.37 लाख का नायलॉन मांजा जब्त

**नागपुर।** शहर पुलिस द्वारा प्रतिबंधित नायलॉन मांजा के खिलाफ जारी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर 3 छापेमार कार्रवाइयों में नाबालिग समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर कुल 2,37,800 रुपये का नायलान मांजा जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में पांचपावली निवासी अब्दुल रज्जाक शमशेर शेख (26) और एक नाबालिग, खरबी निवासी मोहम्मद सोहेल मोहम्मद यूनुस (26) और बिनाकी निवासी कुणाल केशव बिनेकर (26) बताये जा रहे हैं। पहली कार्रवाई में क्राइम ब्रांच की यूनिट 2 ने लकड़गंज थाना क्षेत्र में अब्दुल रज्जाक शमशेर शेख को दोपहिया वाहन पर बड़ी मात्रा में नायलान मांजा ले जाते हुए गिरफ्तार किया। उसके साथ एक नाबालिग बालक भी था। रज्जाक के पास से 1.20 लाख रुपये की 20 चकरियां जब्त की गईं। वाठोड़ा थाने के गश्ती दल ने शाम करीब 7.35 बजे खरबी में सोहेल की दुकान पर छापा मारकर 1.05 लाख रुपये कीमत की कुल 60 चकरियां जब्त कीं. सारा माल जब्त कर सोहेल को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह दोपहर करीब 3.50 बजे यशोधरानगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुणाल के घर छापेमारी की। पुलिस को मौके से 14 चकरियां मिलीं जिस पर नायलान मांजा लपेटा हुआ था। इसकी कीमत 12,800 रुपये आंकी गई. उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## महिला बाल विकास कार्यालय में निकला विषैला नाग

### सर्पमित्र ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**नागपुर।**

हिंगना तालुका स्थित एकात्मिक महिला बाल विकास कार्यालय में शुक्रवार को एक तीन फीट लंबा विषैला नाग पाया गया, जिससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई जब दैनंदिन कार्यवाही के दौरान कर्मचारी मरसकोल्हे ने लोहे के कपाट के नीचे से नाग को बाहर निकलते हुए देखा। उन्होंने तुरंत महिला बाल विकास अधिकारी सुशांत गाडेवार को सूचना दी। जैसे ही सर्प देखा गया, वह पुनः कपाट के नीचे घुस गया। इस घटना के दौरान महिला केंद्र प्रमुख और क्लर्क भी कार्यालय में उपस्थित थीं, जो नाग को देखकर काफी घबराई हुई थीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, सर्पमित्र समिति के सदस्य आकाश मेश्राम को सूचना दी गई। वे तुरंत कार्यालय पहुंचे और सुरक्षित तरीके से नाग को पकड़ा, फिर उसे निसर्ग में छोड़ दिया। सर्पमित्र द्वारा नाग को सुरक्षित रूप से मुक्त किए जाने के बाद सभी कर्मचारियों और उपस्थित महिलाओं ने राहत की सांस ली।

## निर्माण कार्य स्थल से 10 टन सरिया हुआ चोरी

**नागपुर।** हिंगना पुलिस थाने के हरिहर नगर स्थित एक नवीन बांधकाम स्थल से लोहे का 10 टन सरिये को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने फरियादी राहुल सुरेश येलेकर (39) छोटी धंतोली, मेहाडिया निवासी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार राहुल का हिंगना के हरिहर नगर में नये घर का निर्माण कार्य शुरू है। जहां पर उन्होंने 8 एमएम., 12 एमएम तथा 16 एमएम का करीब 10 टन लोहे का सरिया रखा हुआ था। 10 दिसंबर की रात करीब 11 से अगली सुबह करीब 6 बजे के दौरान अज्ञात चोर इस सरिये को बांधकाम स्थल से चोरी कर ले गए थे।

# कस्तूरचंद पार्क-जीरो माइल का हुआ निरिक्षण

## निरीक्षण रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपेगी हेरिटेज टास्क फोर्स कमेटी

**नागपुर।** शहर के ऐतिहासिक स्थलों कस्तूरचंद पार्क और जीरो माइल की मरम्मत, नवीनीकरण कार्य का शुक्रवार को हेरिटेज टास्क फोर्स समिति द्वारा निरीक्षण किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा कस्तूरचंद पार्क और जीरो माइल के ऐतिहासिक स्थलों पर मरम्मत और नवीकरण का काम चल रहा है और इस कार्य का निरीक्षण समिति द्वारा किया गया था। समिति द्वारा इन दोनों स्थानों की निरीक्षण रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। हेरिटेज टास्क फोर्स समिति के सदस्य मनपा के अपर आयुक्त अजय चारठाणकर, मुख्य अभियंता लीना उपाध्ये, राज्य पुरातत्व विभाग के सहायक संचालक मयूरेश खोडके, लोकनिर्माण विभाग के अभियंता अविनाश गुल्हाने, वीएनआईटी के स्ट्रक्चरल इंजीनियर आर.के. इंगले, वास्तुकार मधुरा राठौड़, विरासत संरक्षण विशेषज्ञ डॉ.लीना रामकृष्णन इस अवलोकन दौरे में मौजूद थीं. उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अनूप कुमार की अध्यक्षता में एक नई हेरिटेज



संवर्धन समिति का गठन किया गया है। देश के हृदय स्थल नागपुर में स्थित कस्तूरचंद पार्क एवं जीरो माइल ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में हाई कोर्ट में जनहित याचिकाएं दायर हैं. तदनुसार इन दोनों स्थानों की मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य लोकनिर्माण विभाग क्रमांक.1 द्वारा शुरू किया गया है हेरिटेज संवर्धन समिति के अध्यक्षअनुप कुमार ने टास्क फोर्स कमेटी का गठन किया. इस समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को दोनों ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया और स्थिति का अवलोकन किया। हेरिटेज संवर्धन समिति अध्यक्ष के निर्देशानुसार टास्क फोर्स समिति सदस्य द्वारा स्थल निरीक्षण की रिपोर्ट। हाईकोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी।


# जमीन पट्टा न मिलने से ताजआबाद निवासी परेशान

## एमआईएम का 18 को विधानसभा पर मोर्चा

**नागपुर।**



ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) हर साल की तरह ताजआबाद निवासियों की मांगों को लेकर विधानसभा पर भव्य मोर्चा ले जाने की तैयारी बडे जोर शोर से कर रही है। बता दे कि ताजआबाद रहवासी झोपड़पट्टी धारकों को मालकी रहवासी लिज पट्टे मिलने को लेकर एमआईएम पार्टी द्वारा 2023 नागपुर विधानसभा पर भव्य मोर्चा ले जाया गया था। जिसके चलते सरकार ने संवैधानिक मांगो को ध्यान में रखते हुए रहवासी नागरिकों को पट्टे वितरण करने की अधिसूचना जारी की थी। मगर नागपुर महानगरपालिका स्लम विभाग के आधिन पट्टे वितरण को लेकर झोपडपट्टी नियमितीकरण करके पट्टे वितरण का सर्वे शुरू नहीं किया गया। जब कि सरकार ने अपना स्पष्टीकरण देते हुए कहा की चाहे जमीन किसी ट्रस्ट, संस्था की हो या किसी मालकी की। सरकार अपने कानून के अनुसार निपटारा करेगी और ताजआबाद झोपडपट्टी निवासियों को लीज पट्टे करके देगीं। खास बात ये है कि जमीनी तौर पर इसको 1995 में बिडपेठ स्लम नमुद कोड 2 के आधार पर स्लम



लागू किया है। स्लम अधिनियम कायदा के अनुसार संवैधानिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य सरकार ने यहां के लोगों को लीज पट्टे वितरण का प्रावधान भी तय किया है। मगर नागपुर महानगर पालिका स्लम विभाग की और से पट्टे वितरण सर्वे को लेकर उदासिनता दिखाई दे रही है। इस अहम मुद्दे और सरकार की निति के चलते रोटी-कपडा-मकान जैसे संवैधानिक मुद्दे तथा नागरिकों की अहम मांगो को लेकर नागपुर विधानसभा पर भव्य मोर्चा ले जाने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी. एमआईएम शहर प्रवक्ता इसहाक मन्सुरी ने दी है. मोर्चे का नेतृत्व विधायक मुफ्ती इस्माइल काशमी, नेता शकील पटेल, इसहाक मन्सुरी, शोएब अहमद, सोहेल खान, कलिम मिरकाशिम और अन्य पार्टी के पदाधिकारी करेंगे.






CMYK

# ग्रामीण संस्कृति रैकेट की जाल में

## लॉज व्यवसाय के आड़ में चल रहा गोरखधंधा, हर शहर के लॉज व्यवसाय में दलालों का बोलबाला

**सावनेर.**

लॉज व्यवसाय के आड़ में सेक्स रैकेट और जिस्मफरोशी का कारोबार इतना तेजी से फैल रहा है कि यह अवैध धंधा अब बड़े शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पांव पसार चुका है। नागपुर जिले के सावनेर, कलमेश्वर, काटोल, पारशिवनी, कामठी जैसे तालुकों और उनके आसपास के गांवों में लॉज के नाम पर चल रहे इस सेक्स रैकेट ने चिंताजनक रूप से फैलाव हासिल किया है। अगर इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो हजारों युवाओं और युवतियों का भविष्य अंधेरे में डूब सकता है।



नागपुर जिले के रामटेक तहसील को छोड़कर अन्य तहसीलों में, जहां न कोई प्रमुख पर्यटन स्थल है न कोई बड़ा कार्यालय या फैक्ट्री, वहां भी दर्जनों लॉज की मौजूदगी सवाल खड़ा करती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इन लांजों के संचालक और मैनेजर दलालों की भूमिका निभाते हुए ग्राहकों को कम उम्र की युवतियों से लेकर अधेड़ महिलाओं तक उपलब्ध कराने में सक्षम होते हैं। हर लांज के आड़ में चल रहा यह गंदा कारोबार अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

स्थानीय पुलिस की कार्रवाई पर सवाल, स्थानीय पुलिस की ओर से इस पर कार्रवाई जारी है, लेकिन इसके बाद भी कुछ समय में गंदे पैसे के बल पर कुछ लोग फिर से इस अवैध कारोबार में सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए इस मामले में कड़ी निगरानी और नियमित जांच की आवश्यकता है, ताकि सफेदपोश दलालों और समाजसेवियों के आड़ में चल रहे इस गोरखधंधे पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। कन्हान से रामटेक तक भी यही हाल, कन्हान से रामटेक तक के लॉजों में दलालों द्वारा युवतियों और किशोरियों को शॉर्टकट पैसे के लालच में फंसाकर वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा है। हाईवे से लगे इन लॉजों में दिन-रात यह गैरकानूनी धंधा फल-फूल रहा है।

रामटेक के पर्यटन क्षेत्र होने के बावजूद यहां लॉज व्यवसाय की आड़ में अश्लील गतिविधियां चल रही हैं। पर्यटकों के अलावा कॉलेज टाइम में भी लड़कियां इन लॉजों में देखी जाती हैं। स्थानीयों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता और नियमित जांच के अभाव में यह धंधा तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की जा रही है।

### व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गलत इस्तेमाल

इन लॉज को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का आड़ बनाकर चलाया जा रहा है, जहां ग्राहकों को बेहद कम कीमतों में कमरे और युवतियां उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसा कारोबार, जो पहले बड़े शहरों तक ही सीमित था, अब ग्रामीण इलाकों में भी तेजी से पांव पसार रहा है। शहरों में विश्रांति, ड्रीम विला, समाधान, सूर्य जैसे लांजों में देह व्यापार में लिप्त युवतियों का जमावड़ा रहता है। ग्राहकों को व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बुलाया जाता है, और हर कमरे को एक ही दिन में कई बार बुक किया जाता है, जिससे यह साफ होता है कि ये लॉज रैन बसेरे नहीं, बल्कि जिस्मफरोशी के अड्डे बने हुए हैं।

### कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता

वहीं, लॉज व्यवसाय के आड़ में देह व्यापार चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान की मांग भी उठने लगी है। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक और अपराध शाखा के अधिकारी, सामाजिक सुरक्षा विभाग आदि को नियमित जांच की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। ऐसा कदम उठाया जाता है तो इस अवैध कारोबार में लिप्त सभी सफेदपोश और दलालों को बेनकाब किया जा सकता है. यहां तक कि कड़े कानून और प्रभावी कार्रवाई के बाद ही लॉज व्यवसाय के आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट को खत्म किया जा सकता है, ताकि ग्रामीण इलाकों में इस प्रकार के गोरखधंधे को बढ़ने से रोका जा सके।

# परभणी में संविधान का अपमान करने वाले पर देशद्रोह का मामला दर्ज करें: बसपा



**कामठी.** हाल ही में परभणी में हुए संविधान की मानहानि के मामले के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी कामठी विधानसभा की ओर से प्रभारी विक्रांत मेश्राम के नेतृत्व में तहसीलदार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम प्रेषित ज्ञापन सौंपा गया. परभणी में जिलाधिकारी कार्यालय के पास भारत के संविधान की प्रतिकृति को सांप्रदायिक गिरोहों द्वारा तोड़ कर विकृत कर दिया गया. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में महापुरुषों की मूर्तियों का अपमान कोई नई बात नहीं है.

लेकिन अगर जातिवादी समुदाय के लोगों को मौत की सजा दी जाती या उन पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाता है तो तब शायद ऐसे दुर्व्यवहार बंद हो जाते. उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में तोड़फोड़ भारतीय संविधान की नृशंस हत्या है. इसके लिए उक्त फिरकापरस्त समुदाय को फाँसी की सजा दी जानी चाहिए और उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए, अन्यथा बहुजन समाज पार्टी तीव्र आंदोलन करने पर बाध्य रहेगी, ऐसी चेतावनी बहुजन समाज पार्टी कामठी-मौदा प्रभारी इंजी. विक्रांत मेश्राम ने दी है. इस मौके पर कामठी-मौदा विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष अनिल कुरील, पूर्व अध्यक्ष नागसेन गजभिये, नगर परिषद पूर्व सभापति सौ. रमा नागसेन गजभिये, रामभाऊ कुर्वे, सुधा रंगारी, संतोषजी मेश्राम, पूर्व नगरसेवक संतोष यादव, दिलीप नागदिवे सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजूद रहें.

# सरपंच के हत्यारे को फांसी दी जाए: पूर्व सरपंच कापसे



**कामठी.**

केज तहसील के मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख की अपहरण कर जघन्य हत्या का प्रकरण पर सीबीआई या सीआईडी जांच करवाकर आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग अखिल भारतीय सरपंच परिषद विदर्भ कार्याध्यक्ष व खैरी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मोरेश्वर उर्फ बंडू कापसे तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन सौंपकर की. पूर्व सरपंच बंडू कापसे ने संतोष देशमुख हत्या प्रकरण की सीबीआई या सीआईडी जांच की मांग की है. उन्होंने कहा कि प्रकरण दबाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए. पूर्व सरपंच बंडू कापसे ने यह भी कहा है कि महाराष्ट्र में सरपंच व उपसरपंच की सुरक्षा के लिए इस विधानसभा में सुरक्षात्मक कानून बनाया जाना चाहिए. ताकि वे पुलिस थाना, पंचायत समिति, तहसील कार्यालय सहित अन्य संबंधित विभाग के कार्यालयों में निडरता से जा कर लोकहित में कार्य कर सके. उपरोक्त घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है. सरकार को इस बारे में विचार करना आवश्यक है.

# ईएसएएफ फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया

**खापरखेड़ा.**

ईएसएएफ फाउंडेशन ने नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट (एनआईटी) और सिद्धिविनायक प्रतिष्ठान के संयुक्त विद्यमान से नागपुर अनुभूति दिव्यांग पार्क में आंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस" मनाया गया। इस कार्यक्रम में जीवनधारा मानसिक रूप से विकलांग आवासीय विद्यालय, नागपुर और स्वर्गीय उमेश हलिकर मानसिक रूप से विकलांग आवासीय विद्यालय ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नागपुर सुधार प्रन्यास ट्रस्ट (एनआयटी) के संभागीय अधिकारी भाजीपाले, तथा अध्यक्ष के तौर पर विधायक कृष्णा खोपडे और विशेष अतिथि विनीत अस्पताल के संचालक डॉ.वानखेडे, बाल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अमरजीत वाघ आदि की प्रमुखता से उपस्थिती थी। बताया गया की कार्यक्रम में विकलांग बालकों ने गीत सादरीकरण कर उपस्थितीयो का मन मंत्रमुग्ध कर दिया। विकलांगों के लिए विविध स्पर्धाओं का आयोजन भी किया था। जिसमें विजेता स्पर्धक को मान्यवरों के हाथों बक्षिस वितरित किया गया। इतना ही नहीं स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी को प्रोत्साहनपर बक्षिस दिया गया।



मान्यवरों ने विकलांग दिन अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र नारनवरे, तथा आभार अमित दास ने माना। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इंसाफ बैंक के संकेत सालुंके, पुष्पा उपरवार, मोनाली दुल्लरवार,डेविड मैथ्यू, विलास नेवार, अमित दास, कार्तिक लारोकर, आदियों ने अथक प्रयास लिया। तथा एएसएफ ग्राम प्रो टीम और तिरपुडे कॉलेज ऑफ सोशल वर्क के छात्रों ने भी कार्यक्रम में सहयोग दिया।

# पोरवाल कॉलेज में 20, 21 को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**कामठी.** सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि विकसित करना है. इसके अलावा, छात्रों को नए तथ्यों और खोजों को सीखने, उनकी रचनात्मकता का पता लगाने और छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पोरवाल जूनियर कॉलेज कामठी में 20 व 21 दिसंबर को एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है. इस इस प्रदर्शनी में 8वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्रों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील प्राचार्य डॉ.विनय चव्हाण, उप-प्राचार्य डॉ.सुधीर अग्रवाल, पर्यवेक्षक प्रो. वी.बी. वंजारी और विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजक प्रा. योगेश मार्चटवार ने की है.

# हम सबका ईश्वर एक: रहमतुन्निसा

## सांप्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर परिचर्चा

**नागपूर.**

हम सबका ईश्वर एक है और हम सब आदम की संतान होने के नाते एक परिवार के सदस्य हैं। यदि हम इसे समझ लें तो सांप्रदायिक सौहार्द्र पैदा हो सकता है। समाज में एकता और सहमति स्थापित करने के लिए चिंता, दूसरों की देखभाल, कनेक्टिविटी और समन्वय आवश्यक है। ये विचार जेआईएच महिला विंग की राष्ट्रीय सचिव, ऑरा ए मेगज़ीन की चीफ़ एडिटर, आईटा केंद्रीय समिति सदस्य एवं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की एक्ज़ीक्यूटिव सदस्य रहमतुन्निसा ने 'साम्प्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए। यह परिचर्चा जमाअत-ए-इस्लामी हिंद नागपुर की महिला विंग के तत्वावधान में जाफ़र नगर, टीचर्स कॉलोनी के मर्कज़े इस्लामी सभागृह में आयोजित की गई थी। उन्होंने आगे कहा कि देश में शांति एवं व्यवस्था स्थापित होनी चाहिए, किसी पर अत्याचार नहीं होना चाहिए, अन्यथा आज का मज़लूम, पीड़ित कल का अत्याचारी बन सकता है। इस अवसर पर समाज सेवी महिलाओं ने कहा कि महिलाओं को अपनी क्षमताओं को पहचान कर प्रत्येक क्षेत्र में अपना कार्य दिखाना चाहिए। महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण ट्रस्ट की महासचिव, लेखक, वक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता शाइस्ता रफ़त ने कहा कि आज के भारत को प्राचीन भारत बनाने की आवश्यकता है जहां एकता, संप्रभुता शिखर पर थी। हमें आगे आकर सम्मान की दृष्टि से एक-दूसरे को देखकर और मिल जुलकर कर देश को नुकसान पहुंचाने वाले वर्ग के विरुद्ध आवाज़ उठाना चाहिए। केंद्रीय सलाहकार परिषद की सदस्य, राहत क्रेडिट सोसायटी भुसावल की निदेशक एवं जेआईएच महिला विभाग की राज्य सचिव साजेदा परवीन ने कहा कि प्रत्येक धर्म अमन और शांति का संदेश देता है। आश्चर्य है कि बावजूद इसके आज देश में नफरतों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो चिंताजनक है। इस स्थिति पर जेआईएच की महिला विभाग ने सद्भावना मंच की स्थापना की है। ताकि विभिन्न धर्मों, वर्गों की महिलाओं की पारस्परिक एकता और महिलाओं के मुद्दों के साथ उनके कल्याण पर चर्चा की जाए। सांप्रदायिक सद्भाव और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए समाज के हर वर्ग की महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ओपन परिचर्चा सत्र सत्र में महिला शिक्षकों ने स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों की सुरक्षा और उनके नैतिक प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इसी दौरान बच्चों के मोबाइल फोन के उपयोग पर हमें ध्यान रखना चाहिए कि वे कोई ऐसा वीडियो या संदेश न देखें जिससे उनमें नफरतें और सांप्रदायिक भावनाएं पैदा होने और उनको बढ़ावा में मदद मिल सके। शिक्षा, रोज़गार और सशक्तिकरण की चर्चा में महिलाओं को समाज में कल्याण के लिए कार्य करने जैसे बिंदु सामने आए। इस अवसर पर विभिन्न एनजीओ से जुड़ी महिलाओं ने कहा कि महिलाओं को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ हुनर भी सीखना चाहिए, ताकि वे समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें। महिला विभाग की शहर अध्यक्ष डॉ.सबीहा खान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जमाअत-ए-इस्लामी हिंद लोगों को सकारात्मक सोच देती है, हमें संवादहीनता को समाप्त कर इस विषय पर चर्चा करने की आवश्यकता है ताकि देश के संविधान की धर्मनिरपेक्षता विशेषता को क्षति न पहुंचने पाए। संगठन की राज्य सहायक सचिव नफ़ीसा अतीक़, वंदना ठाकरे, जिजाऊ ब्रिगेड की कल्याणी ठाकरे, नयन बहुउद्देशीय महिला विकास संस्थान की नमीता चोपकर, दीन बंधु संस्था की सामाजिक कार्यकर्ता सलोनी एन थामस, दर्पन नेब आदि महिलाओं की कार्यक्रम में अत्यधिक संख्या में उपस्थिति थी। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.शिरीन खान ने किया। यह जानकारी जेआईएच के मीडिया प्रभारी डॉ.एम ए रशीद ने दी।




# झाड़ियां बनी हादसों का कारण

## संबंधित विभाग कर रहा लगातार अनदेखी



**गोंदिया.**

शहर के परमात्मा एक नगर सहित अनेक क्षेत्रों में मार्ग पर कांटेदार झाड़ियां उगने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है. लेकिन इस समस्या की ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है. इस क्षेत्र में अनेक स्कूल होने से अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने आते हैं. लेकिन मार्ग की झाड़ियां उनके लिए खतरनाक होती जा रही है. उल्लेखनीय है कि परमात्मा एक नगर में कॉन्वेंट के अलावा अन्य स्कूल भी है. इन स्कूलों में छोटे बच्चों के साथ ही अनेक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं. इस दौरान उन्हें कांटेदार झाड़ियों से गुजरना पड़ता है. जिससे उन्हें खतरा बना रहता है. फिर भी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

इस क्षेत्र के अधिकांश मांगों पर कांटेदार झाड़ियां उग आई है. जिससे विद्यार्थियों के अलावा आम नागरिकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कई बार झाड़ियों से छोटी- मोटी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं. इतना ही नहीं बल्कि मार्ग के मोड़ पर दोनों ओर झाड़ियां उगने से सामने का वाहन नजर नहीं आता. जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है. इतना ही नहीं बल्कि रात के समय ऐसे मार्गों से आने- जाने में वाहन चालकों को और भी खतरा होता है. मार्ग के दोनों ओर घनी झाड़ियां होने से जीव-जंतुओं का भी खतरा होता है. इस क्षेत्र के नागरिकों ने संबंधित विभाग से झाड़ियों को काटने की मांग की है.

# जलाशयों में 73 प्रश. जल संग्रह

**गोंदिया.** इस वर्ष जिले में भारी बारिश के कारण जिले के सभी जलाशयों में प्रचुर पानी उपलब्ध है. अतः रबी सीजन व आगामी गर्मी के दौरान जिले में सिंचाई व पेयजल की समस्या उत्पन्न होने की संभावना नहीं है. तालाबों और बारिश का जिला कहे जाने वाले गोंदिया जिले के सभी आठ तहसीलों में इस मानसून सीजन के दौरान तीन से चार बार अतिवृष्टि दर्ज की गई है. इसके परिणामस्वरूप बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई और फसलों, घरों, तबेलों, मवेशियों और मनुष्यों की हानि हुई. जून से सितंबर तक बरसात के मौसम में जिले में 11 प्रश. अधिक बारिश हुई. इसके कारण 98 प्रश. जल संग्रह जिले के लघु सिंचाई विभाग के मध्यम, छोटे और मामा तालाबों में जमा हो गया. इस जलाशय से खरीफ मौसम में सिंचाई के बाद आज की स्थिति में तीनों प्रकार की परियोजनाओं में 73.40 प्रश. पानी का संग्रह है. पिछले साल इसी तिथि को इन परियोजनाओं में केवल 54.35 प्रश. जल संग्रह था. 9 मध्यम प्रकल्पों को ध्यान में रखते हुए, बोदलकसा 53.1 प्रश., चोरखमारा 62.80 प्रश., चुलबंद 75.49 प्रश., खैरबंधा 29.35 प्रश., मानगढ़ 74.38 प्रश., रेंगेपार 87.62 प्रश., संग्रामपुर 75.56 प्रश., कटंगी 99.7 प्रश. और कलपाथरी 98.2 प्रश. इस तरह कुल 66.20 प्रश. जल संग्रह है.

# शिवसेना की सभा में युवाओं ने शिवबंधन बांधकर किया पार्टी में प्रवेश



**नागपुर.** कळमेश्वर में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। यह सभा शिवसेना के पूर्व नागपुर उपजिल्हाप्रमुख विनोद जी जीवतोडे, कळमेश्वर पंचायत समिति के पूर्व सभापति मधुकरराव दळवी और तालुका प्रमुख राहुल चुनारकर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता शिवसेना के पूर्व नागपुर जिला उपप्रमुख एवं वर्तमान शहर प्रमुख सुरेश जी लंगडे ने की। इस दौरान कई युवाओं ने शिवबंधन बांधकर शिवसेना में प्रवेश किया। पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं को संबोधित करते हुए सुरेश जी लंगडे ने कहा कि शिवसेना की विचारधारा और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में पार्टी की ताकत लगातार बढ़ रही है। इस अवसर पर उपप्रमुख ब्रिजलाल रघुवंशी, युवासेना तालुका प्रमुख किशोर तुरकर, शिवसेना तालुका उपप्रमुख विजय वाघधरे, दिवाकर जी कडू, बाबाराव गोतमारे, विलास बारमासे, राजेश बोरकर, प्रदीप कट्यारमल, निलेश बोरकर, प्रवीण ठाकरे, जगदीश परिहार, शिवशंकर ताजने, महेश डहाके, कैलास आटेकर, महादेव निकम, प्रफुल गोंडाने, दिनेश डहाके, गजानन महाजन, चंद्रशेखर मेहरे, और नंदलाल धनगरे जैसे प्रमुख शिवसैनिक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम ने युवाओं में जोश और पार्टी के प्रति निष्ठा को बढ़ावा दिया। यह सभा कळमेश्वर में शिवसेना के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# चार लाख रुपए कीमत का अवैध सागौन जब्त

**गोंदिया.** जिले में बड़े पैमाने पर बेशकीमती लकड़ियों की तस्करी की जाती है. इसी के तहत गोंदिया वन विभाग द्वारा गोंदिया एमआईडीसी मंडी पर स्थित रांदल वेयर हाउस में कार्रवाई करते हुए 140 घन फुट सागौन जब्त किया गया. जिसकी कीमत 4 लाख रु. बताई गई है. गोंदिया जिला वन संपदा से संपन्न है. जिसमें कीमती इमारती लकड़ियों की तस्करी तथा वन्य जीवों के शिकार के मामले बड़े पैमाने पर सामने आते हैं. तस्करों द्वारा गोंदिया जिले के वनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है. जिसके चलते आज अनेक प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर आ चुकी है. गोंदिया जिले की इमारती लकड़ी सागौन की गुणवत्ता उच्च कोटी की होने के चलते इसकी मांग बड़े पैमाने पर होती है. जिसके लिए इसकी तस्करी भी जोरों से की जाती है. अब जिले के जंगलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के भी संरक्षित वनों से भी कीमती इमारती सागौन लकड़ी की तस्करी बड़े पैमाने पर कर गोंदिया जिले में लाई जा रही है. इसी प्रकार की एक गुप्त जानकारी गोंदिया वन परीक्षेत्र अधिकारी दिलीप कौशिक को प्राप्त हुई कि गोंदिया के एमआईडीसी मंडी पर स्थित रांदल वेयर हाउस में बड़े पैमाने पर मध्य प्रदेश के वनों से काटकर तस्करी कर कीमती लकड़ी सागौन का अवैध संग्रह किया गया है. जानकारी के आधार पर गोंदिया वन परिक्षेत्र अधिकारी दिलीप कौशिक द्वारा मंगलवार की सुबह 7 बजे अपने दल बल के साथ छापामार कार्रवाई कर चार घन मीटर (140 घन फुट) लकड़ी जब्त की गई.

# सावनेर में नई न्यायालयीन इमारत के लिए 44 करोड़ मंजूर

### विधायक डॉ. देशमुख की प्रभावशाली शुरुआत

**सावनेर.**

सावनेर में न्यायालयीन कार्यों के लिए लंबे समय से लंबित नई इमारत के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। 13 दिसंबर 2024 को राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए 44.64 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी है। यह इमारत तहसीलदार और उपविभागीय अधिकारी के वर्तमान निवास स्थान (छिंदवाड़ा रोड) पर बनाई जाएगी। पांच मंजिला इस इमारत में छह कोर्ट हॉल, एक पोक्सो हॉल और एक लोक अदालत हॉल होगा। आमदार डॉ. आशिष देशमुख ने विधानसभा चुनाव में जीत के बाद इस पर तेजी से काम किया।



10 दिसंबर को सावनेर दौरे के दौरान उन्होंने वकील संघ से मुलाकात कर आश्वासन दिया था कि वे इस परियोजना को मंजूरी दिलाएंगे। तीन दिन के भीतर ही उन्होंने शासन से आदेश पारित करवाकर अपनी प्रतिबद्धता साबित की। विधायक देशमुख ने कहा कि वे इस परियोजना को बजट में शामिल करवाने के लिए आगामी हिवाल अधिवेशन में प्रयास करेंगे। वकील संघ के सदस्यों ने आमदार देशमुख की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। एडवोकेट पल्लवी मुलमुले, आर. आर. ठवरे, चंद्रशेखर बरेठिया और अन्य सदस्यों ने इसे न्यायदान के क्षेत्र में एक बड़ा कदम बताया। इस नई इमारत से सावनेर में न्याय प्रणाली को सुदृढ़ता मिलेगी और स्थानीय जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आमदार देशमुख की इस पहल को क्षेत्र में प्रभावशाली शुरुआत माना जा रहा है।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### जफर कलीम

**नागपुर.** जूनी शुक्रवारी निवासी शायर जफर कलीम इनका बीमारी के चलते निधन हुआ. जफर कलीम देश के जाने-माने कवि सुरेश भट्ट के सहयोगी रह चुके है और उनकी गजल "तू किसी और की जागीर है, ऐ जाने गजल' काफी चर्चित रही है. वह भाजपा अल्पसंख्याक मोर्चा के नगर अध्यक्ष एवं गायक कलाकार मोहसिन जफर के पिताजी थे. उन्हें शनिवार दोपहर आज 1 बजे मोमिनपुरा कब्रस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा.

# शालेय पोषण आहार मामले में ठेकेदार और अधिकारियों को बचाने के लिए मुख्याध्यापक की बलि

> स्कूल पोषण आहार अधीक्षक अशोक कोडापे को बचाने में जुटा प्रशासन

**हिंगणघाट.**






जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय वाघोली में हुए विषाक्त भोजन प्रकरण में प्रशासन शालेय पोषण आहार अधीक्षक अशोक कोडापे को बचाने के लिए मुख्याध्यापक को बलि का बकरा बना रहा है। इस घटना में 49 छात्र, मुख्याध्यापक और एक शिक्षिका प्रभावित हुए थे। सभी को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

हालांकि, इस गंभीर प्रकरण में शालेय पोषण आहार अधीक्षक अशोक कोडापे की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए केवल संबंधित स्कूल के मुख्याध्यापक अरुण पोहाणे को निलंबित कर दिया है। प्रशासन द्वारा कंत्राटदार और पोषण आहार अधीक्षक की जिम्मेदारी को दरकिनार कर मुख्याध्यापक पर कार्रवाई करना सवाल खड़े करता है।

शालेय पोषण आहार योजना के तहत कंत्राटदार द्वारा आपूर्ति किए गए खाद्य तेल और अनाज में गड़बड़ी की जिम्मेदारी जांचने का दायित्व शालेय पोषण आहार अधीक्षक का होता है। विजिट बुक में भी अशोक कोडापे के निरीक्षण के कोई प्रमाण नहीं हैं। इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाई।

### मुख्याध्यापक अकेले जिम्मेदार कैसे?

गांव के नागरिकों और अभिभावकों ने सवाल उठाया है कि जब अशोक कोडापे और कंत्राटदार की महत्वपूर्ण भूमिका है, तो सिर्फ मुख्याध्यापक को क्यों निलंबित किया गया? क्या यह बड़े अधिकारियों और कंत्राटदार को बचाने की कोशिश है? प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नागरिकों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही कंत्राटदार और पोषण आहार अधीक्षक अशोक कोडापे पर भी जांच और कार्रवाई होनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो इसे प्रशासन की मिलीभगत समझा जाएगा।

भरारी पथक, जो इस योजना की जांच के लिए गठित होता है, उसने भी इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। शालेय पोषण आहार योजना की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होती है,

# टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम का लिया जायजा

**गोंदिया.**

गोंदिया तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमारी में 12 दिसंबर को जिला क्षयरोग अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार ने आकस्मिक भेंट देकर क्षयरोग एवं कुष्ठरोग कामकाज के साथ ही 100 दिवसीय टीबी मुक्त कार्यक्रम का जायजा लिया। इस समय उनके साथ क्षयरोग विभाग के चिकित्सा अधिकारी डा. वेदप्रकाश चौरागड़े, पीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डा. शहजादा राजा के अलावा पीएचसी स्टाफ व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

डा. गोल्हार ने भेंट के दौरान पीएचसी की प्रयोगशाला, मरीजों के वार्ड, दवा संग्रहण आदि का निरीक्षण कर मरीजों को उत्तम दर्जे की स्वास्थ्य सुविधा देने की सूचना दी। उन्होंने पीएचसी के बाहर एवं अंदर के परिसर की नियमित सफाई करने, ओपीडी सेवा में मरीजों के लिए सुविधा दी जाए, क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा नियमित गांव निहाय भेंट का नियोजन किया जाए, पर्यवेक्षकों द्वारा उपकेंद्रों को भेंट देकर सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का जायजा लिया जाए, हलचल रजिस्टर पर पंजीयन करने के बाद ही मुख्यालय छोड़ने, 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम का उचित क्रियान्वयन करने सहित अन्य सूचनाएं दी। भेंट के दौरान क्षयरोग व कुष्ठरोग के कामकाज का जायजा लिया।

जिसमें प्रमुखता से विविध लक्षण के अनुसार संदिग्ध क्षय रोग व कुष्ठरोग की खोज करने, संदिग्ध मरीजों के थूक के सैंपल अथवा एक्स-रे के साथ ही विविध प्रयोगशाला जांच नि:शुल्क करने, मरीजों का नि:शुल्क औषधोपचार करने, दवाओं के दौरान फालोअप रखने, समुपदेशन करने, निक्षय पोर्टल पर पंजीयन करने आदि सूचनाएं देकर विविध मुद्दों की समीक्षा की।

# मालधक्का मार्ग की हालत जर्जर, आए दिन हो रहे हादसे


**गोंदिया.** गोंदिया शहर उत्तर एवं दक्षिण दिशा में रेलवे मार्ग बीच में होने के कारण दो हिस्सों में बटा हुआ है। एक हिस्से से दुसरे हिस्से में जाने के लिए वर्तमान में एक अंडर ग्राऊंड मार्ग एवं एक उड़ान पुल है। जबकि पिछले वर्ष पुराने उड़ान पुल को नव निर्माण के लिए तोड़ दिया गया था। लेकिन अब तक उसके निर्माण कार्य में प्रगती दिखाई नहीं पड़ रही है। जिसके कारण अधिकांश बड़े वाहन उड़ान पुल से तथा छोटे वाहन अंडर ग्राऊंड मार्ग से चलते है। अंडर ग्राऊंड मार्ग से मालधक्के की ओर जाने वाले मार्ग की हालत काफी खस्ता हो गई है। इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है एवं गिट्टीयां उखड़कर सड़क पर आ गई है। दुसरी बात यह मार्ग समतल भी नहीं है।

माल धक्के से अंडर ग्राऊंड की ओर गहरी ढलान है। जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। लेकिन छोटी-मोटी दुर्घटना होने के कारण पुलिस तक मामला नहीं पहुंच पाता। गुरूवार 12 दिसंबर को ही दोपहर 3 बजे के दौरान दुपहिया पर सवार एक महिला दुर्घटना का शिकार हुई। जिसमें उसे चोटे भी आई। इस तरह के हादसे आए दिन हो रहे है। लेकिन इस ओर संबंधित विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नागरिकों ने इस मार्ग की तुरंत मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# जलवायु परिवर्तन से तेंदू पेड़ों पर असर

**वर्धा.**





मध्य भारत और विदर्भ के जंगलों में उगने वाला तेंदू (डायोस्पारस मेलोक्साइलम) पेड़, जो 'टेंभरून' के नाम से भी जाना जाता है, जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित हो रहा है। यह पेड़ न केवल अपनी औषधीय पत्तियों और कठोर लकड़ी के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि बीड़ी निर्माण के लिए उपयोगी पत्तियों से हजारों लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है।

पर्यावरण विशेषज्ञ कौशल मिश्र ने बताया कि जलवायु परिवर्तन की वजह से तेंदू पेड़ों के फल पकने के समय में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। आमतौर पर अप्रैल में परिपक्व होने वाले तेंदू फल अब नवंबर और दिसंबर में ही तैयार हो रहे हैं। यह असामान्यता न केवल इन फलों की गुणवत्ता और पोषण पर असर डाल सकती है, बल्कि वन्यजीवों और कीट-पतंगों के पारंपरिक जीवन चक्र को भी प्रभावित कर सकती है। वन्यजीवों, विशेष रूप से हिरणों जैसे जंगली जानवरों और कीटों का इस पेड़ से गहरा संबंध है। तेंदू फलों का स्वाद

### > असमय पक रहे फल

और पोषण पशुओं और मनुष्यों दोनों के लिए लाभकारी होता है, लेकिन फल पकने के समय में बदलाव से इस पारिस्थितिक तंत्र पर गहरा असर पड़ सकता है। मिश्र ने आगाह किया कि यह परिवर्तन वन्यजीवों और कीटों के व्यवहार में बदलाव ला सकता है, जिससे पूरी पारिस्थितिकी प्रणाली प्रभावित हो सकती है।

यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह बदलाव लंबे समय में सकारात्मक साबित होता है या नकारात्मक।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शमिल हो किसान


**गोंदिया.**

महाराष्ट्र राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2016-17 से क्रियान्वित की जा रही है। खरीप मौसम 2023 से महाराष्ट्र शासन की ओर से एक रूपए में फसल बीमा योजना दी जा रही है। इसका राज्य के किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ हुआ है। वर्तमान में रबी मौसम 2024-25 के लिए किसानों का फसल बीमा करने की प्रक्रिया शुरू है। केंद्र सरकार के फसल बीमा पोर्टल बीमा योजना में भाग लेने के लिए कार्यान्वित है। महाराष्ट्र में रबी मौसम के गेहूं, चना, प्याज, फसलों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2024 है। जबकि ग्रीष्मकालीन धान एवं मूंगफली की फसल के लिए बीमा योजना में 31 मार्च 2025 तक किसान शामिल हो सकते है। गत वर्ष रबी मौसम 2023-24 में बीमा योजना में 71 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इस वर्ष 11 दिसंबर 2024 तक राज्य में 41 लाख आवेदन मिले है। जिले के किसानों से फसल बीमा योजना में शामिल होकर लाभ उठाने का आव्हान कृषि विभाग ने किया है।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

> आउटडोर खेल समग्र विकास के लिए जरूरी: राही

**वर्धा.**



शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और व्यक्तित्व विकास में मैदानी खेलों की अहम भूमिका है। आज के आधुनिक युग में जहां पारंपरिक खेल धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे हैं, वहीं इन खेलों को बढ़ावा देना अत्यावश्यक है। यह विचार अखिल भारतीय शास्त्री सामाजिक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही ने व्यक्त किए।

वह 12 दिसंबर को शहीद हुतात्मा स्मारक में 'खेल और युवा सेवा निदेशालय महाराष्ट्र' के तहत जिला खेल अधिकारी और वर्धा जिला अष्टेदु अखाड़ा एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्कूल अष्टेदु खेल प्रतियोगिता 2024-25 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी मोहन मोहिते ने की। मंच पर कोशी उल्हास वाघ, कु. फिजा खान, लीला वाघ, कोच इंद्रपाल गवली, संग्राम मोहिते, आशुतोष चौहान, सायली चौहान, प्रिंसिपल एसआर शेख और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इमरान राही ने अपने संबोधन में कहा, "मैदानी खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देते हैं। सरकार और समाज को पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए।" कोशी उल्हास वाघ ने कहा कि कराटे समेत अन्य आउटडोर खेलों का प्रशिक्षण युवाओं के समग्र विकास में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष मोहन मोहिते ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता की कामना की। कार्यक्रम का संचालन साहिल वाघ ने किया और धन्यवाद ज्ञापन वेदांत चौधरी ने दिया। कार्यक्रम की सफलता में संजना चौधरी, मिहिर वाघ, प्रेम कंवर, अर्पण वानखेड़े, आर्यन छापेकर और ओजस्वी तिमांडे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विदर्भ में सबसे ठंडा रहा गोंदिया

> बुधवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा

**गोंदिया.**



जिले में इन दिनों सर्द हवाओं के कारण रात व दिन के तापमान में अचानक तेजी से गिरावट दर्ज हुई है. जिसके चलते बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया. जबकि अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया. विदर्भ में गोंदिया जिला सबसे ठंडा रहा. मौसम विशेषज्ञों के अनसार अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में भी कुछ गिरावट होने की संभावना है. विगत दो सप्ताह भर से गोंदिया जिले में ठंड का अधिक असर दिखाई नहीं दे रहा था. लेकिन गत दो दिनों से ठंडी हवा चलने की वजह से अब जिलेवासियों को ठंड का अधिक अहसास होने लगा है. ग्रामीण अंचलों में तो शाम होते ही अलाव जलने शुरू हो गए हैं. आसमान में बादलों का डेरा हटने के कारण तापमान लुढ़का है. जबकि न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है. जो रात के समय और भी कम हो सकता है. मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ रहा है. जिले के मैदानी क्षेत्रों में धुंध की वजह से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है. ठंडी हवाओं के साथ ठंड काफी बढ़ चुकी है.अधिकतर लोग जुकाम-खांसी की गिरफ्त में मौसम के बदले मिजाज के चलते अस्पतालों में वायरल फीवर के मामलों में भी बढ़ोतरी हो रही है. सर्दियों की दस्तक के साथ ही बाजारों में गर्म कपड़ों की बिक्री में भी इजाफा हो रहा है. जिले में अधिकतर लोग जुकाम-खांसी की गिरफ्त में आ गए हैं. मौसम विभाग की मानें तो आगामी दिनों में ठंड का मिजाज और अधिक बढ़ सकता है. बहरहाल अत्याधिक ठंड के चलते लोगों ने सर्द मौसम की मार से बचने के लिए गर्म कपड़े ओढ़ लिए हैं. ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों, हीटर व आग का सहारा लेना शुरू कर दिया है.

# मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षणार्थियों को स्थायी रूप से सेवा में लें

**गोंदिया.**

शासन के विविध योजनाओं की जानकारी ग्राम स्तर तक पहुंचाने के साथ ही योजनाओं का लाभ सभी घटकों तक पहुंचे, इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा प्रशिक्षणार्थियों की नियुक्ति पिछले 6 माह पूर्व की गई। पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग जैसे अनेक विभागों में युवक-युवतियों को नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत दिए गए प्रशिक्षण को पूर्ण करने के बाद उनकी शैक्षणिक पात्रता के अनुसार स्थायी रूप से शासकीय सेवा में शामिल किया जाए। इस मांग को लेकर बुधवार को सड़क अर्जुनी तहसील के मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षणार्थियों ने पंचायत समिति के गुट विकास अधिकारी, तहसीलदार, विधायक के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि शासन ने विगत 6 माह पूर्व राज्य स्तर पर शुरु किए गए मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत अनेक गांव के युवक-युवतियों की नियुक्ति 10 हजार रुपए मानधन पर की गई है। इन्हें शासन की विविध योजनाओं की जानकारी गांवों तक पहुंचाने, आम नागरिकों को योजना का लाभ देने में परेशानी निर्माण न होने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चयनित विभागों में मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षणार्थियों ने योजना के प्रस्तावित कालावधि में प्रशिक्षण पूर्ण किया। प्रशिक्षण के माध्यम से शासकीय कामकाज के विविध मुद्दों पर मार्गदर्शन भी उन्हें प्राप्त है। साथ ही योजना के माध्यम से शासन की कार्यप्रणाली को समझने में प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। आनेवाले समय में निश्चित रूप से महाराष्ट्र की प्रगति में सभी युवा प्रशिक्षणार्थियों का उत्कृष्ट योगदान लाभदायक साबित होगा एवं उक्त प्रशिक्षणार्थियों के सभी मांग महाराष्ट्र शासन की ओर से मंजूर किए जाए। उसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत योजना पर नियुक्त सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर किसी भी शर्तों के बिना सरल सेवा भर्ती में शामिल किया जाए। ऐसी मांग की गई है। मांगों का ज्ञापन संगठन की ओर से गुट विकास अधिकारी सानप, तहसीलदार निलेश काले व विधायक राजकुमार बडोले को सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपते समय संगठन के अध्यक्ष जगदीप शहारे, रंजीत पारधी, प्रीतम गोबाड़े, पवन झिंगरे सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिवशाही हादसे के लिए चालक जिम्मेदार

> दुर्घटना की जांच के लिए मुंबई की संस्था पहुंची

**गोंदिया.**

शिवशाही बस दुर्घटना मामले की गहन जांच करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि दुर्घटना का कोई भी पक्ष बच न जाए, तीसरे पक्ष से जांच की जा रही है. इस उद्देश्य के लिए मुंबई की एक स्वयंसेवी संस्था की नियुक्ति की गई है. यह समिति सोमवार को नागपुर पहुंची. बताया गया है कि इस समिति ने खजरी में घटना स्थल का दौरा किया और हादसे के कारणों का पता लगाया. खबर है कि यह समिति परिवहन आयुक्त को एक रिपोर्ट भी सौंपेगी. सड़क अर्जुनी तहसील में खजरी डव्वा के पास एक शिवशाही बस के भयानक दुर्घटना का शिकार हो जाने से 11 लोगों की मौत हो गई. दुर्घटना की जांच के लिए नागपुर के उपप्रादेशिक परिवहन अधिकारी विजय चव्हाण की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई थी. इस जांच समिति ने दस दिनों तक गहन जांच करने के बाद अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार को सौंप दी है. इस रिपोर्ट में हादसे के लिए चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है. गोंदिया की समिति ने दो दिन पहले अपनी रिपोर्ट उपप्रादेशिक परिवहन अधिकारी विजय चव्हाण को सौंपी है. इसके बाद चव्हाण ने दोनों जांच रिपोर्ट को मिलाकर संयुक्त रिपोर्ट परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार को सौंप दी है. इसलिए इस जांच रिपोर्ट के आधार पर चालक समेत एसटी निगम के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है. इसके लिए मुंबई की एक स्वयंसेवी संस्था की नियुक्ति की गई है. बताया गया है कि इस समिति ने खजरी में घटना स्थल का दौरा किया और हादसे के कारणों का पता लगाया. खबर है कि यह समिति परिवहन आयुक्त को एक रिपोर्ट भी सौंपेगी. खजरी शिवशाही बस दुर्घटना मामले की जांच रिपोर्ट परिवहन आयुक्त को सौंपे जाने के बाद अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर वे इस मामले में किसके खिलाफ कार्रवाई करते हैं.

# लोधी समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न

> विधायक अग्रवाल का सत्कार

**गोंदिया.**

लोधी समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन और मिलन समारोह में पहुंचे विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि लोधी समाज ने गोंदिया को अलग पहचान देने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने राजा राय बहादुर इंद्रराज सिंह नागपुरे और रानी उमादेवी नागपुरे के दानपुण्य कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज ने जमीनें दान कर गोंदिया के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अग्रवाल ने रानी अवंतीबाई लोधी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को भी याद किया। कार्यक्रम में समाज की ओर से उनका शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतलाल दमाहे, लोधी अशोक नागपुरे समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

विधायक ने गोंदिया के विकास के लिए समाज के सहयोग का भरोसा दिलाया।

# तिरोड़ा पंचायत समिति को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

> राज्य में रही अव्वल, 1 करोड़ 25 लाख का मिला पुरस्कार

**गोंदिया.**




राष्ट्रीय पंचायतराज वर्ष 2024 अंतर्गत नानाजी देशमुख पंचायत समिति सतत विकास पुरस्कार के लिए तिरोड़ा पंचायत समिति संपूर्ण राज्य में अव्वल साबित होकर देश में तीसरे स्थान पर रही। बुधवार को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ते पंचायत समिति प्रशासन एवं जिला परिषद प्रशासन को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1 करोड़ 25 लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं स्मृतिचिह्न उनके हस्ते प्रदान किया गया।

बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से स्थानिक स्वराज्य संस्था में स्पर्धात्मक भावना निर्माण करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पंचायतराज पुरस्कार योजना शुरु की गई है। इस योजना के अंतर्गत कुल 7 श्रेणी के नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत समिति सतत पुरस्कार के लिए गोंदिया जिले की तिरोड़ा पंचायत समिति ने उत्कृष्ट कामकाज के बलबूते राज्य में पहला एवं देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। पंचायतराज योजना अंतर्गत पुरस्कार की स्पर्धा में सफल साबित हुए स्थानिक स्वराज्य संस्था को पुरस्कार देने के लिए दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 11 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ते पंचायतराज व मत्स्यपालन केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो.एस.पी. सिंह बघेल की प्रमुख उपस्थिति में पुरस्कार वितरित किया गया। तिरोड़ा पंस को नानाजी देशमुख पंचायत समिति सतत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

# कुष्ठरोग जनजागृति शिविर का आयोजन

**हिंगनघाट.**



सहायक संचालक आरोग्य सेवा (कुष्ठरोग) वर्धा और उपजिला अस्पताल, हिंगनघाट के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठरोग जनजागृति कार्यक्रम के तहत विकृति जांच और पुनर्निर्माण आत्मिक शल्यक्रिया पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सहायक संचालक डॉ. स्वप्निल बले के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।इस शिविर में शहर और ग्रामीण इलाकों से 32 कुष्ठ रोगियों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर नाइक और अध्यक्ष वैद्यकीय अधीक्षक डॉ. प्रवीण मिसार उपस्थित रहीं।मुख्य बिंदु: डॉ. प्रभाकर नाईक ने सरकार द्वारा कुष्ठ रोगियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी और इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। डॉ. प्रविणा मिसार ने रोगियों को कुष्ठरोग संबंधित सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर सोमवार को विकृति ग्रस्त और संदिग्ध रोगी जांच करा सकते हैं। प्रशांत जंगठे, अवैद्यकीय सहायक, ने रोगियों को विकृति बढ़ने से रोकने और पहले से मौजूद विकृति की देखभाल के बारे में मार्गदर्शन किया। अशोक वावरे, अवैद्यकीय सहायक, ने एम.सी. आर. चप्पल, स्प्लिंट और ड्रेसिंग किट के सही उपयोग की जानकारी दी। अतिथियों ने रोगियों को एम.सी. आर. चप्पल, गॉगल और स्प्लिंट वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन किशोर येनुरकर (कुष्ठरोग तंत्रज्ञ) ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन उमेश मेश्राम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असलम फारुकी, डखाराम मेश्राम, किशोर पुर जेकर और अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# यंत्रणा की गलती लोगों को पड़ रही भारी

> सभी कार्यों में आधार पहचान पत्र आवश्यक
> जानकारी दर्ज करने में हो रही दिक्कत

**गोंदिया.**

आधार कार्ड कितना अहम डॉक्यूमेंट है, इसके बिना इसके न तो सिम कार्ड मिल सकता ता है और ना ही बैंक में खाता खुल सकता है. इसलिए आधार कार्ड होना बेहद जरूरी है. लेकिन आधार कार्ड बनवाते वक्त गलत डिटेल्स दर्ज हो जाने से अब लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. आधार योजना वर्ष 2009 में देश के प्रत्येक नागरिक को एक विशिष्ट पहचान देने के उद्देश्य से लागू की गई लेकिन इतने वर्षों बाद अब भी नागरिकों को आधार पाने के लिए और कभी-कभी उसकी दुरुस्ती के लिए भटकना पड़ रहा है. विशेष बात यह है कि प्रशासकीय यंत्रणा ने जो गलतियां की हैं इसकी दुरुस्ती के लिए अब नागरिकों को भुगतान तो करना पड़ रहा है. दूसरी ओर परेशानी भी उठानी पड़ रही है. आधार अपडेट करने के बाद भी स्थिति जस की तस है. शासकीय कार्य, बैंकिंग से संबंधित कार्यों, आर्थिक व्यवहार, सरकारी योजनाओं, नौकरी, व्यवसाय, व्यापार और खरीदी और बिक्री सहित अन्य सभी कार्यों में आधार पहचान पत्र के रूप में आवश्यक किया गया है. सरकार ने बड़ी संख्या में योजनाएं लागू की.

### आधार कार्ड पंजीकरण अभियान बड़े पैमाने पर लागू

इसके लिए डाक विभागों, तहसील कार्यालयों, राजस्व मंडलों, अन्य प्रशासनिक कार्यालयों, सेतु और बाहरी व्यवस्थाओं के माध्यम से आधार कार्ड पंजीकरण अभियान को बड़े पैमाने पर लागू किया गया. इसमें जानकारी दर्ज करने में कई दिक्कतें निर्माण हो गई. इन्हें तकनीकी दिक्कतें कहा जा सकता है. लेकिन सब कुछ व्यवस्थित होने के बाद डेटा संग्रह करते समय गलत जानकारी या गैर-जिम्मेदारी से जानकारी भरे जाने से कई लोगों को आधार कार्ड में बार बार दुरुस्ती करनी पड़ रही है. दरअसल आधार कार्ड में सबसे ज्यादा गड़बड़ी प्रशासकीय यंत्रणा द्वारा बनाए गए केंद्र में हुई. उसी समय यदि जानकारी को सही तरीके से एकत्र और पंजीकृत किया गया होता, तो नागरिकों को अनावश्यक रूप से नुकसान नहीं उठाना पड़ता लेकिन उस दौरान हुए प्रशासकीय यंत्रणा की गलती का खामियाजा अब नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है.

# सुगंधित तंबाकू बिक्री के खिलाफ पुलिस विभाग एक्शन में

**गोंदिया.** अवैध सुगंधित तंबाकू बिक्री के करने वालों के खिलाफ आमगांव पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। विगत कुछ दिनों से पुलिस द्वारा पानठेला संचालकों पर सुगंधित तंबाकू बिक्री करने के मामले में कार्रवाई की जा रही है। आमगांव पुलिस ने 11 दिसंबर को 11 पान ठेला संचालकों से तंबाखूजन्य पदार्थ जब्त किया है। यह संपूर्ण कार्रवाई आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत की गई है। जिन पानठेला संचालकों पर कार्रवाई की गई है, उनमें आरोपी रियाज कादर खान (45) के पान ठेले से पुलिस ने कुल 155 रुपए का माल जब्त किया है। आंबेडकर चौक निवासी अजय नरसिंह चौरसिया (42) के पान ठेले से 120 रुपए का माल जब्त किया है। (36) के पानठेले से 75 रूपए का माल जब्त किया है।

# पोर्टल अपडेट नहीं होने से 27 करोड़ का बकाया अटका

## > 8.32 लाख क्विं. धान खरीदी : 24,868 किसानों ने बेचा धान

**गोंदिया.**

जिला मार्केटिंग फेडरेशन के सरकारी धान खरीदी केंद्रों पर धान की बिक्री करने वाले किसानों को धान का भुगतान करने के लिए फेडरेशन को 27 करोड़ रु. का निधि मिला. लेकिन अभी तक पोर्टल अपडेट नहीं होने के कारण यह निधि किसानों के खाते में नहीं भेजी जा सकी है. जब तक नया भीम पोर्टल अपडेट नहीं हो जाता, तब तक बकाएदारों को निधि मिल भी गई तो किसानों के खाते में पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ेगा. खरीफ सीजन में अब तक 24,868 किसानों ने 8 लाख 32 हजार फेडरेशन के 183 धान खरीदी केंद्रों में बेचा है. बेचे गए धान की कुल कीमत 191 करोड़ 54 लाख रु. है. धान खरीदी शुरू हुए अब एक माह की अवधि पूरी



हो गई है. लेकिन धान के बकाये का पैसा नहीं मिलने के कारण 191 करोड़ 54 लाख रु. बकाया हो गया. इससे किसानों का आक्रोश बढ़ गया. कई किसानों ने बकाया जमा होते ही धान बेचकर कर्ज चुकाने की योजना बना ली थी. लेकिन, अब जिला मार्केटिंग फेडरेशन को पहले चरण में 27 करोड़ रु. की निधि मिल चुकी है. लेकिन अभी तक ये निधि किसानों के खाते में ट्रांसफर नहीं की गई हैं. बकाया वसूली के लिए सरकार की ओर से नया भीम पोर्टल बनाया गया है. फिलहाल इस पोर्टल को अपडेट करने का काम चल रहा है. पोर्टल को अपडेट करने का काम अगले एक सप्ताह तक जारी रहेगा. जिससे किसानों को बैंक खाते में निधि जमा करने के लिए अगले दस दिनों तक इंतजार करना होगा, ऐसा जिला पणन अधिकारी ने कहा.

### धान खरीदी केंद्र में पंजीकरण के लिए 3 दिन शेष

सरकार ने सरकारी धान खरीदी केंद्र पर धान बेचने के लिए पंजीकरण कराने की समय सीमा 15 दिसंबर तक बढ़ा दी थी. यह अवधि समाप्त होने में केवल तीन दिन शेष हैं. इसलिए जिला मार्केटिंग फेडरेशन अधिकारी विवेक इंगले ने जानकारी दी है कि किसान इन तीन दिनों के भीतर पंजीयन करा लें.

# एसआर शेंडे हुए सम्मानित



**सौंसर.**

गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों की गरिमामय उपस्थिति में महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कृत,विविध संस्थाओं से जुड़े सेवानिवृत्त अध्यापक क्रांतिकारी कवि एस.आर.शेंडे को उनके द्वारा शैक्षणिक, सामाजिक, साहित्यिक क्षेत्रों में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए पांढुरना कलेक्टर अजय देव शर्मा,एडिशनल एस.पी.नीरज सोनी,सौसर विधायक विजय चौरे, पूर्व विधायक अजय चौरे ने शाल, श्रीफल, वस्त्र, पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उनके सुखी जीवन एवं उज्वल भविष्य की कामनाएँ की।

# शिक्षकों ने परीक्षा केंद्रों पर नियुक्ति के लिए सौंपा ज्ञापन

**सौंसर.**

सौंसर विकासखंड में शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित शालाओं के समस्त प्राचार्यों, व्याख्याताओं एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.आर. गावंडे को कलेक्टर पांढुरना और जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर की जाए। ज्ञापन में बताया गया कि सौंसर और पांढुरना विकासखंड के प्राचार्यों और शिक्षकों की नियुक्ति अक्सर छिंदवाड़ा के दूरस्थ और दुर्गम परीक्षा केंद्रों पर की जाती है, जिससे उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षकों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि दूरस्थ परीक्षा केंद्रों पर




नियुक्ति के कारण उन्हें एक माह तक परिवार से दूर रहना पड़ता है। साथ ही भोजन, आवास, स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा थाने से प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल लाने-ले जाने में भी दिक्कतें होती हैं। इन परिस्थितियों के चलते आर्थिक नुकसान भी होता है

पांढुरना को जिला घोषित किए जाने के बाद शिक्षकों ने मांग की है कि उनकी नियुक्ति केवल उन परीक्षा केंद्रों पर की जाए जहां उनकी शाला के छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, ताकि इन समस्याओं का समाधान हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्राचार्य प्रमोद लोणारे, राधेश्याम सोनकुसरे, वसुदेव शिंदे, संजय कुर्वे, सूर्यकीर्ति काले, अशोक लिखरे, कीर्ति सागर बागड़े, प्रमोद नागड़उने, चंद्रशेखर जैवार, राज बागड़े, जुबेर अंसारी, संदीप जैस्वाल, राजकुमार भूमर, रंजना भूमर, अर्चना दूफारे, सरोज वालके, अनिता उइके और सुनील काकड़े सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# कल होगा 151 बुद्ध मूर्तियों का वितरण

**सिहोरा.**

आगामी 15 दिसंबर को सिहोरा में थाईलैंड, श्रीलंका, म्यांमार और वियतनाम जैसे बौद्ध देशों से प्राप्त 151 बुद्ध मूर्तियों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बौद्ध विहारों को बुद्ध मूर्तियां प्रदान की जाएंगी।

इस कार्यक्रम में सौसर, पांढुणा और छिंदवाड़ा जिले के बौद्ध विहारों को भी बुद्ध मूर्तियां दी जाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन इंडो एशियन मेत्ता फाउंडेशन, इंडिया और अहिल्याबाई होलकर बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजक नितिन गजभिये और स्मिता वाकडे ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ भंते उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा, जिसमें भगवान बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पवित्र अस्थि कलश की महायात्रा को सफल बनाने वाले आयोजकों का स्वागत-सत्कार भी किया जाएगा। इस अवसर पर सौसर के बौद्ध नवयुवक-युवती सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मुकेश बागड़े को धर्म, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भगवान बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब के मिशन को आगे बढ़ाने के कार्यों के लिए धर्मदूत अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, चंद्रशेखर बावनकुळे, सांसद श्याम कुमार बर्वे, नगराध्यक्ष करुणाताई आष्टनकर, विधायक कृपाल तुमाने, पूर्व मंत्री डॉ. नितिन राऊत, डॉ. राजेंद्र गवई, जोगेंद्र कवाड़े, पूर्व मंत्री राजेंद्र मूलक और सुरेश गायकवाड को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गज्जू उर्फ उधम सिंह यादव करेंगे।


### पांढुणा और सौसर के बौद्ध विहारों को भी मिलेगा लाभ

सौसर व्यापारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप बागड़े ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान पांढुणा, सौसर, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट जिलों के बौद्ध विहारों के लिए भी तथागत बुद्ध की मूर्तियों का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम बौद्ध धर्म और समाज के प्रचार-प्रसार में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 456-5 | 390-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 269-7 | 467-7 |
| प्रभात | 578-0 | 229-3 |
| प्रभात नाईट | 890-7 | - |
| डायमंड | 226-0 | 569-0 |
| मेन बाजार | 123-6 | - |
| मिलन डे | 568-9 | 235-0 |
| मेन रतन | 345-2 | 220-4 |
| कल्याण | 114-6 | 359-7 |
| राजधानी डे | 138-2 | 150-6 |
| राजधानी नाईट | 256-3 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 234-9 | 260-8 |

# सिल्लेवानी घाट पर चल रही है आरटीओ के नाम पर लूट

**सौंसर.**



एक तरफ जहां प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री माननीय श्री डॉ मोहन यादव के द्वारा लगातार परिवहन अमले की मनमानी अवैध वसूली की शिकायतों के बाद सभी चेकपोस्ट बंद करवाया गया है, किसी भी नेशनल हाईवे में इस प्रकार की कोई चेकिंग नहीं की जा सकती है किंतु यहां पर बेखौफ होकर धड़ल्ले से माननीय मुख्यमंत्री के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए अवहेलना की जा रही है नागपुर रोड उमरानाला में आरटीओ के नाम पर रोजाना प्राइवेट कर्मचारी गाड़ियों को रोक वसूली कर रहे हैं मामला ऐसा है कि आरटीओ के नाम पर पहले तो प्राइवेट कर्मचारी गाड़ियों को रोकता है फिर उसके बाद विभिन्न प्रकार की अनियमितता व तरह-तरह के टैक्स बताकर मोटी रकम का जुर्माना करने का बोलकर उन्हें सेटलमेंट के नाम पर पैसे लेकर उनके वाहन को छोड़ा जाता हैं अगर उनके पास नगद पैसा नहीं है तो वह यूपीआई के माध्यम से इनके स्थानीय दलाल हरीश के खाते में ट्रांसफर करवाया जाता है, जिसका प्रूफ विडियो में है,

संपूर्ण छिंदवाड़ा जिले में प्रत्येक मार्गों पर रोजाना इस तरह आरटीओ की शह पर प्राइवेट लोगों द्वारा अवैध वसूली बेरोकटोक जारी है जिस पर रोक लगाकर इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाना आवश्यक है.

### वैष्णव एमएससी फिजिक्स में प्रथम

**रामाकोना.** ग्राम रामाकोना के सफल व्यवसायी प्रहलाद चौरागड़े के बडे पुत्र वैष्णव चौरागड़े ने रायसोनि विश्वविद्यालय नागपुर एम एस सी फिजिक्स में करते हुवे। विश्वविद्यालय में 9 सीजीपीए ग्रेड लाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने वैष्णव चौरागड़े को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया।

वैष्णव ने 2022 में बीएससी पीसीएम में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया था।ग्राम रामाकोणा में पहली बार किशी छात्र ने दो गोल्ड मेडल प्राप्त किये।

इस अवसर पर वैष्णव ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, माता पिता को दिया। इस अवसर पर वैष्णव को रामाकोना के चौरागड़े परिवार, ग्राम के कलार समाज संघटन ने वैष्णव को शुभकामनाएं दिऔर उजव्वल भविष्य की कामना की ।

# बस स्टैंड पर सीट को लेकर फिर बढ़ी तनातनी

## > विधायक विजय चौरै ने कंडक्टर को दी चेतावनी



**सौंसर.**

बस स्टैंड पर सीट को लेकर एक बार फिर माहौल गर्मा गया है। क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने बुधवार शाम नागपुर-छिंदवाड़ा जाने वाली बस के कंडक्टर को चेतावनी दी। विधायक ने कहा कि सौसर के यात्रियों को नागपुर से जो सीट मिली है, उस सीट का पूरा हक मिलना चाहिए और उन्हें अच्छा व्यवहार दिया जाए। विजय चौरे ने कंडक्टर से कहा कि यदि इस तरह की समस्या जारी रही, तो इन बसों को सौसर स्टैंड पर नहीं आने दिया जाएगा। इसके अलावा, थाना प्रभारी ए. बी. मस्कोले ने भी कंडक्टर को चेतावनी दी कि वे यात्रियों से बेहतर व्यवहार करें। इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए, विधायक और थाना प्रभारी ने बस यूनियन के अध्यक्ष के साथ बैठक करने की बात की है ताकि स्थिति को बेहतर बनाया जा सके।